# भाजपा ने जयपुर शहर के 276 स्थानों पर चलाया सघन स्वच्छता अभियान

- ‘स्वच्छता हमें एक सकारात्मक सार्वजनिक छवि बनाने में मदद करती है, स्वस्थ्य जीवन और समृद्धि का आधार है स्वच्छता’
- प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छता अभियान बन चुका है जन आंदोलन : सी.पी.जोशी

**जयपुर**। भाजपा की ओर से प्रदेश में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे तीन दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान के तहत आज बूथ, मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा जयपुर शहर के करीब 276 से अधिक मठ, मंदिर, गुरूद्वारों और आश्रमों सहित उनके आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद रामचरण बोहरा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ और जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों ने आज मोती डूँगरी गणेश मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। सघन स्वच्छता अभियान के समन्वयक सोमकांत शर्मा ने मानसरोवर गुरूद्वारे से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की ।

वहीं कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ झोटवाड़ा स्थित झारखंड महादेव मंदिर पहुंचे और स्वच्छता अभियान में भाग लिया। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने अराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान में भाग लिया वहीं सिविल लाईन्स विधायक गोपाल शर्मा ने न्यू सांगानेर रोड़ स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज के नेतृत्व में पौंड्रिक मंडल से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई इस दौरान मंडल में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गोविंद देव जी मंदिर, काले हनुमान जी मंदिर, जागेश्वर महादेव मंदिर, ब्रह्मपुरी , शास्त्री नगर मंडल में बिलेश्वर महादेव मंदिर, मीणों का पार्क, रामदेव मंदिर, ओन्डा महादेव मंदिर, खंडेलवाल महाविद्यालय जल महल मंडल के अंतर्गत भी सभी पार्षदों ,कार्यकर्ताओं ने तेजाजी महाराज का मंदिर जयसिंहपुरा खोर में अलग- अलग धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत आज धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत मोती डूँगरी स्थित गणेश मंदिर से की। इससे पूर्व उन्होंने भगवान गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान आज जन आंदोलन बन चुका है। देश की जनता ने मोदी आह्वान को अपना अभियान बना लिया। जोशी ने कहा स्वच्छ जयपुर स्वच्छ राजस्थान के तहत कल पूरे शहर में महापुरूषों की प्रतिमाओं को स्वच्छ कर उनका माल्यार्पण किया और आज धार्मिक स्थलों पर बडे स्तर पर स्वच्छता अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्कों को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए इस अभियान से जोड़ा गया है क्योकि पार्क लोगों के बैठने, बातचीत करने और योग का महत्वपूर्ण स्थान होता है। पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एवं आमजन भी इस अभियान में सहभागी बने है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कई पीढ़ियों ने जो सपना देखा वह 22 जनवरी को साकार होने जा रहा है। दिव्य और भव्य मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार है जिसमें प्रभु श्रीराम विराजमान होंगे, इस कार्य के लिए भगवान श्रीराम ने भी नरेन्द्र मोदी को चुना है।

## 500 स्थानों पर आज स्वच्छता अभियान

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। इसके अन्तर्गत भाजपा की ओर से जयपुर शहर में तीन दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भिन्न-भिन्न सार्वजनिक स्थानों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कल जयपुर शहर के करीब 500 से अधिक सार्वजनिक पार्कों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

सघन स्वच्छता अभियान के समन्वयक सोमकांत शर्मा ने बताया कि जयपुर शहर के बूथ, मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं सहित सभी जनप्रतिनिधि गण और प्रदेश पदाधिकारी स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास ( ओटीएस ) पर राजस्थान पुलिस सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुवीर सैनी, महासचिव सुलेश चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मदन दिलावर ने संभाला पदभार

**जयपुर**। राजस्थान की भजन लाल सरकार में कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने श्री कृष्ण जन्म भूमि का मुद्दा उठाकर सियासत को गरमा दिया है। दिलावर ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तो मिल गई है, श्री कृष्ण जन्मभूमि भी मिल जाए तो बेहतर होगा। वरना कानून और देश की अदालतें अपना काम करेंगी।

कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने मंत्री बनने के बाद अपना पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो संकल्प पत्र में वादे किए थे, उन पर काम करना है। जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है। जनता ने हमें सरकार में बिठाया है। अब उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरा मंत्रिमंडल काम करेगा। दिलावर ने कहा कि “जो भी जिम्मेदारी मुझे मुख्यमंत्री भजनलाल देंगे मैं उस पर काम करूंगा। जल्दी ही विभागों का बंटवारा हो जाएगा और हम उसे पर काम करेंगे।”

श्रीराम मंदिर बनाने के संकल्प पर बात करते हुए दिलावर ने कहा कि “जब श्री रामलला टेंट के अंदर थे तो मैं बिस्तर में कैसे सो सकता था। मदन दिलावर ने कहा कि मैं परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ रामलला के दर्शन करने जाऊंगा, उन्होंने कहा कि ढांचे को ढहाने और अस्थायी मंदिर बनाने में मेरा भी आंशिक योगदान था। मैंने फरवरी 1990 में संकल्प लिया था कि जब तक राम मंदिर नहीं बन जाएगा, तब तक माला नहीं पहनूंगा और जब तक कश्मीर से धारा 370 नहीं हट जाती, तब तक आरामदायक बिस्तर पर नहीं सोऊंगा। मैं सालों से जमीन पर चटाई-दरी बिछाकर सोता रहा हूं, लेकिन मेरा यह संकल्प अब पूरा हो चुका है। 22 जनवरी को रामलला अपने घर मे विराजमान हो जाएंगे। दिलावर ने कहा कि राम जन्मभूमि और कृष्ण जन्मभूमि को लेकर तथ्य है कि यहां भगवान राम और भगवान कृष्ण के मंदिर थे। राम जन्मभूमि की पूरी जमीन मिल गई है, अब कृष्ण जन्मभूमि खुद ही दे दें तो अच्छा होगा। अभी भी मैं आग्रह करूंगा कि कृष्ण जन्मभूमि हमें मिल जाए तो बेहतर होगा, वरना कानून अपना काम करेगा। अदालतें अपना काम करेंगी।

## 22 जनवरी को मांस और शराब की दुकानें बंद रखने की मांग

**जयपुर**। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिवस 22 जनवरी को भाजपा के सिविल लाइन्स से विधायक गोपाल शर्मा ने मांस और शराब की दुकानें बंद रखने का आव्हान किया है। साथ ही जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज महापौर से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया है। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि यह दिन देश की राष्ट्रीय एकता, आस्था से जुड़ा हुआ विशेष दिन है। इस मौके पर देशभर में उत्सव का माहौल होगा ऐसे में शराब और मांस की दुकानें बंद रखी जानी चाहिए।

# वाहन चालकों के हितों का रखा जाएगा पूरा ध्यान : संभागीय आयुक्त

- ट्रक, टैक्सी, बस यूनियन की हड़ताल खोलने के लिए पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक
- उच्च स्तरीय मंथन एवं पदाधिकारियों से वार्ता के बाद ही लागू होगा नया कानून


**जयपुर**, (का.सं.)। नए कानून को लेकर प्रदेशभर में जारी ट्रक, टैक्सी, बस यूनियन की हड़ताल को खत्म करवाने के लिए बुधवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ।

संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषी अजेय मलिक की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में ट्रक ऑपरेटर्स, मिनी बस ऑपरेटर्स, ट्यूरिस्ट टैक्सी ड्राईवर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वाहन चालकों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों से हड़ताल खत्म करने की अपील भी की।

बैठक में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि नया कानून तुरन्त लागू नहीं हो रहा है। अभी इस कानून पर उच्च स्तरीय मंथन चल रहा है इसलिये आप अपने वाहन चालकों में कानून को लेकर व्याप्त भय एवं भ्रांति दूर करने का प्रयास करें।

बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने कानून से जुड़ी अपने विचार भी प्रस्तुत किये। संभागीय आयुक्त ने कहा कि यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता एवं सहमति के बाद इस कानून को लागू किया जाएगा। ऐसे में इस कानून को लेकर व्याप्त भय के माहौल को खत्म करने के प्रयास किये जाने चाहिए एवं अपने वाहन चालकों को आज ही पुन: काम पर लौटने के लिए निर्देशित करें।

उन्होंने कहा कि यूनियन पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एल.पी.जी, पेट्रोल-डीजल, दवाईयों सहित आमजन से जुड़ी अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक में पुलिस, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



राजधानी जयपुर में डी.जी.-आई.जी. कॉन्फ्रेंस के आयोजन को देखते हुए विधानसभा सहित अन्य प्रमुख जगहों को रोशनी से सजाया गया है।

## प्रधानमंत्री की यात्रा से संबंधित निर्देश दिए

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को देखते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन परिसर का अनौपचारिक जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की यात्रा से संबंधित सुरक्षा और आवश्यक तैयारियों के एक- एक पहलू के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा भी की। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और उनके ठहरने से संबंधित सभी कार्य उन्होंने समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# वर्ष 2009 से पहले की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िताएं तीन लाख रुपए मुआवजे की हकदार

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को उचित मुआवजा नहीं मिलने के करीब दो दशक पुराने मामले को तय किया है। अदालत ने कहा है कि वर्ष 2009 में सीआरपीसी की धारा 357 के संशोधन से पहले की भी सभी नाबालिग दुष्कर्म पीड़िताएं तीन लाख रुपए पाने की हकदार हैं। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश पीडिता के पिता की ओर से दायर याचिका का निस्तारण करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह आदेश सिर्फ उन मामलों में ही लागू होगा, जिनमें धारा 357 में संशोधन से पहले की सक्षम अधिकारी के समक्ष मुआवजे के लिए क्लेम पेश किया हो और मुआवजे से जुडा कोई केस लंबित हो। अदालत ने मुख्य सचिव और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को कहा है कि वह प्रकरण में उचित कार्रवाई करें।

अदालत ने कहा कि नाबालिग पीड़िता के साथ किया गया दुष्कर्म न सिर्फ उसे दी गई शारीरिक यातना है, बल्कि यह अपराध उसे मानसिक तौर पर भी प्रताड़ित करता है।वर्ष 2006 में पेश इस याचिका में अधिवक्ता नयना सराफ ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की दो साल की बेटी के साथ 19 जुलाई, 2004 को दुष्कर्म हुआ था। जिसकी रिपोर्ट सोडाला थाने में दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस की ओर से अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में आरोप पत्र पेश किया। जिस पर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 31 मई, 2005 को अभियुक्त को दस साल की सजा और पांच सौ रुपए का जुर्माना की सजा दी, लेकिन पीडिता को मुआवजे के लिए आदेश नहीं दिया। इस पर याचिकाकर्ता ने जिला कलेक्टर के समक्ष तीन लाख रुपए का मुआवजे के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीडिता को मुख्यमंत्री राहत कोष से सिर्फ दस हजार रुपए दिए गए। मामला लंबित रहने के दौरान सीआरपीसी में संशोधन हुआ और पीडित प्रतिकर स्कीम, 2011 लागू हुई। जिसमें नाबालिग दुष्कर्म पीडिता को तीन लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने इस स्कीम के तहत मुआवजा दिलाने की गुहार की।

## पायलट गुट को नोटिस देने के संबंध में याचिका का किया निस्तारण

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने विधानसभा स्पीकर की से पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके गुट के तत्कालीन 18 विधायकों को नोटिस देने से जुड़े मामले में दायर याचिका का निस्तारण कर दिया है। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश पीआर मीणा व अन्य की ओर से दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से याचिका के लंबित रहने के दौरान विधानसभा के चुनाव हो गए हैं। कई याचिकाकर्ता अब विधानसभा के सदस्य भी नहीं रहे हैं। ऐसे में लंबित याचिका सारहीन हो गई है। इसलिए याचिका पर अब आगे सुनवाई की जरूरत नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के कथन पर सहमति जताते हुए याचिका को सारहीन बताते हुए निपटारा कर दिया है।

# राहगीरों से मोबाइल लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाली गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से विभिन्न कंपनियों के महंगे लूटे गए चौदह मोबाइल जब्त किए गए है। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में मोबाइल लूटने की तीस वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाली गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के सरगना मोहसीन खान उर्फ अरबाज उर्फ तिरंगा निवासी ट्रांसपोर्ट नगर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पास से विभिन्न कंपनियों के महंगे लूटे गए चौदह मोबाइल जब्त किए गए है। आरोपित और उसकी गैंग में शामिल अन्य दोस्त स्मैक पीने का आदि है। आरोपित राह चलते लोगों और ई-रिक्शा में बैठकर मोबाइल चला रहे लोगों के पीछे से झपट्टा मार मोबाइल लूट कर फरार हो जाते है। आरोपित लूटे गए मोबाइलों को औने-पौने दामों में बेच देते है। आरोपित ने पूछताछ में ब्रहमपुरी, जयसिंहपुरा, गलतागेट, ट्रांसपोर्ट नगर, सदर थाना इलाके में मोबाइल लूट की तीस से चालीस वारदातों को करना स्वीकार किया है। पुलिस सरगना के सह आरोपी फैसल की तलाश कर रही है।

# जनवरी में होगी त्रिस्तरीय जनसुनवाई

**जयपुर**, (का.सं.)। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान हेतु जनवरी महीने में त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जनसुनवाई में मुख्य सचिव वीसी के माध्यम से जनसुनवाई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि माह के प्रथम गुरुवार 4 जनवरी को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय अथवा चिन्हित स्थल पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी तथा उपखण्ड स्तर के समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई की जाएगी। वहीं, माह के द्वितीय गुरुवार 11 जनवरी को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक जिले के पंचायत समिति मुख्यालय अथवा उपखण्ड कार्यालय अथवा अथवा चिन्हित स्थल पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें उपखण्ड स्तर के समस्त अधिकारियों द्वारा जिला कलक्टर एवं प्रमुख विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई की जाएगी। माह के तृतीय गुरुवार 18 जनवरी को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक जिला परिषद सभागार में संभागीय आयुक्त के पर्यवेक्षण में जिला कलक्टर एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई की जाएगी।



राज्यपाल कलराज मिश्र से प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। राज्य के मुख्य सचिव बनने के बाद पंत की राज्यपाल मिश्र से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। मिश्र ने मुख्य सचिव को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं राज्यपाल से प्रदेश के पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बुधवार को राजभवन में मुलाकात की। पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभालने के बाद साहू की राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।

## रिफ फिल्मों की अंतिम सूची जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का 10वां संस्करण 27 से 31 जनवरी तक होगा। थीम यूथ एवं फिल्म हेरिटेज रहेगी। रिफ की तीसरी एवं अंतिम सूची बुधवार को जारी की गई। इसमें 25 फिल्मों को रिफ पैनोरमा में चुना गया है, जिसमें 13 फिल्मों को फीचर फिल्म श्रेणी में और नॉन -फीचर फिल्म श्रेणी में 12 फिल्मों का चयन किया गया है। फिल्म फेस्टिवल में इस वर्ष कुल 65 फिल्मों का रिफ पैनोरमा (फीचर एवं नॉन- फीचर) की कॉम्पिटिशन श्रेणी मे चुना गया है। वहीं जिफ की तीसरी सूची जारी कर दी गई है। अब तक 62 देशों से प्राप्त 2271 फिल्मों में से 37 देशों की 255 फिल्मों का चयन हो चुका है। जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि 21 जनवरी को नामांकित फिल्मों की चौथी सूची और फेस्टिवल प्रोग्राम जारी कर दिया जाएगा।

# अशोक क्लब में मालाश्री लाल की पुस्तक ‘‘मंडलास ऑफ टाईम’’ का विमोचन

**जयपुर**, (का.सं.)। ये कविताएं कोविड के दौरान खालीपन का परिणाम थीं। सभी अन्य लेखकों की तरह, यह मेरे लिए भी चिंतन का दौर था। यह उन चीजों को करने का भी दौर था जो हम आमतौर पर नहीं करते हैं। यह बात लेखिका मालाश्री लाल ने जयपुर के अशोक क्लब में अपनी पुस्तक मंडलास ऑफ टाईम के विमोचन के दौरान कही। वह कवि और पब्लिसिस्ट जगदीप सिंह के साथ चर्चा कर रही थीं।




मालाश्री लाल, जो कि अब तक 17 किताबें लिख चुकी हैं, ने अपना पहला कविता संग्रह मंडलास ऑफ टाईम पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के शीर्षक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मंडला मेरे लिए सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि स्पार्क्स ऑफ एनर्जी भी है। उन्होंने कहा, समय के अलग-अलग क्षण हैं, जिन्हें उन्होंने इस संग्रह में एकत्रित किया है, लेकिन यह मेरे और मैं जो अनुभव करती हूं उसके ईर्द गिर्द घूमती हैं।

सैशन के दौरान, उन्होंने पुस्तक से-द वूमन माइग्रेंट वर्कर, बोगेनविलिया, मंथरा दासी, राधाज डिलेमा, और हिबिस्कस एंड द ओल्ड चंपा आदि कुछ कविताएं पढ़कर भी सुनाईं।

## प्रदेश में चार नए करोना संक्रमित मिले

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के चार नए संक्रमित सामने आए है। इनमें जयपुर में तीन और सीकर में एक संक्रमित मिला है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में आज इंदिरा गांधी नगर, मालवीय नगर सैक्टर तीन और जौहरी बाजार में एक-एक संक्रमित मिला है। वहीं राजधानी में पांच संक्रमित रिकवर हुए है। फिलहाल यहां 20 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में 33 एक्टिव मामले है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में बुधवार को 255 सैंपल की जांच की गई। वहीं, राज्य में 989 सैंपल की जांच की गई। राज्य में नए कोविड सब वैरिएंट को लेकर चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है।

# कार चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर कार चुराने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चुराई गई कार भी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर कार चुराने वाले एक शातिर बदमाश शन्तम गुप्ता निवासी एत्मादपुर जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि 27 दिसंबर को परिवादी मयंक तिलानिया ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने घर के सामने खड़ा था। तभी जूम कार ऐप के माध्यम से एक बुकिंग आई कि तीन दिन के लिए शन्तम गुप्ता की ओर से कार बुक कर ली है। उसके बाद आरोपी शन्तम गुप्ता नाम का व्यक्ति उसके पास आया और उसे ड्राइविंग लाइसेंस देकर कार लेकर चला गया। कुछ देर बाद उसकी कार ऐप बुकिंग कैंसिं दिखने लगी। तभी जूम कार ऐप कस्टुमर केयर पर बात हुई। जहां बताया गया कि बुकिंग कैंसिल हो गई है और आरोपी शन्तम गुप्ता के पास से फोन किया। चार से पांच घंटे इंतजार करने के बाद भी नहीं आया। उसकी कार पर लगे फास्ट टैग से पता चला कि उसकी कार हरियाणा हुए पंजाब,हिमाचल प्रदेश और अमृतसर में है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपित का चिन्हित करते हुए उसे धर-दबोचा।

# कोचिंग सेंटर के बैग में शराब रखकर होम डिलीवरी करने वाला गिरोह का भंड़ाफोड़

- रात आठ बजे बाद होम डिलीवरी की सुविधा देते हैं अवैध शराब विक्रेता

**जयपुर** । जवाहर सर्किल इलाके में कोचिंग सेंटर के बैग में शराब रखकर होम डिलीवरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने गैंग से जुड़े दो आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

पुलिस ने बताया कि देर रात सीकर निवासी भवानी सिंह और एक अन्य आरोपी को पकड़ा गया है। दोनों के पास से एक बैग मिला है, जिसमें अंग्रेजी शराब की महंगी बोतलें हैं। जांच पड़ताल करने पर सामने आया कि शाम से देर रात तक इसी तरह से बैग में शराब की सप्लाई की जाती है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी कोचिंग बैग में सप्लाई करते हैं। पुलिस ने कहा कि शराब की दुकानें आठ बजे बाद बंद हो जाती हैं। उसके बाद भी शराब की सप्लाई घर बैठे की जाती है। मुख्य आरोपी ने दो अलग-अलग नंबर से सोशल मीडिया ग्रुप बना रखे हैं। इसी के जरिए ऑर्डर पर शराब भेजी जाती है। उल्लेखनीय है कि जवाहर सर्किल, प्रताप नगर और जगतपुर इलाके में दूसरे शहरों और राज्यों से आकर पढने वाले युवाओं की संख्या अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा है।